मोदी ने समृद्ध भारत बनाने के संकल्प के साथ किया काम

नई दिल्ली, 17 सितम्बर. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर पूरे देश में बधाइयों और कार्यक्रमों की बौछार रही. त्यागराज स्टेडियम में आयोजित लोकार्पण समारोह में गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी ने विकसित और समृद्ध भारत के संकल्प के साथ कार्य किया है, जिसका परिणाम आज हर क्षेत्र में देखने को मिल रहा है.

शाह ने भगवान विश्वकर्मा जयंती और प्रधानमंत्री मोदी के साझा जन्मदिन का उल्लेख करते हुए कहा कि मोदी ने 11 वर्षों के कार्यकाल में कभी भेदभाव नहीं किया और 140 करोड़ देशवासियों को अपना परिवार माना. उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, अनुच्छेद 370 का निरसन, सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक जैसी ऐतिहासिक उपलब्धियाँ उनके नेतृत्व का प्रमाण हैं. गृह मंत्री ने दावा किया कि मोदी सरकार ने अब तक सात करोड़ से अधिक गरीबों को घर और मूलभूत सुविधाएँ दीं तथा 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला. उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और 2027 तक तीसरे स्थान पर

इजरायल प्रधानमंत्री ने मोदी को दी बधाई

इजरायल प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि मेरे अच्छे दोस्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मैं आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देना चाहता हूं. मैं जल्द ही आपसे मिलने का इंतजार कर रहा हूं, क्योंकि हम अपनी साझेदारी और दोस्ती को और ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं. जन्मदिन मुबारक हो, मेरे दोस्त.

मोदी पर लिखी गई चर्चित पुस्तकें

मोदी के जीवन और नेतृत्व पर कई पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं. इनमें कर्म योद्धा ग्रंथ, नरेन्द्र मोदी ~ ए पॉलिटिकल बायोग्राफी (एंडी मैरिनो), सेंटर स्टेज (उदय माहुरकर), द मैन ऑफ द मोमेंट (एम.वी. कामथ व कालिंदी रानदेरी) और द मोदी इफेक्ट (लैंस प्राइस) प्रमुख हैं. इन पुस्तकों ने मोदी मॉडल, उनकी कार्यशैली, राजनीतिक रणनीति और वैश्विक नेतृत्व को अलग-अलग दृष्टिकोणों से प्रस्तुत किया है.

भाजपा का सेवा पखवाड़ा

भाजपा ने 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक 'सेवा पखवाड़ा' शुरू किया है. इसमें रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, फोटो प्रदर्शनी और समाजसेवा कार्यक्रम आयोजित होंगे. प्रधानमंत्री इस अवसर पर मध्यप्रदेश के धार जिले में पीएम मित्रा पार्क का भूमि पूजन और स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ कर रहे हैं.

दिल्ली के लिए विशेष योगदान

कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार ने दिल्ली की जरूरतों को हमेशा प्राथमिकता दी है. उन्होंने बताया कि दिल्ली में लगभग 400 किलोमीटर मेट्रो नेटवर्क, 1.25 लाख करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाएँ और यमुना सफाई के लिए 9,000 करोड़ रुपये का बजट मोदी सरकार की देन है.

राष्ट्रव्यापी शुभकामनाएँ

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी प्रधानमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएँ दीं. विपक्षी नेताओं राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सोनिया गांधी और अखिलेश यादव ने भी बधाई संदेश दिए.

खरगे ने जन्मदिन पर मोदी को दी बधाई



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बुधवार को जन्मदिन पर बधाई देते हुए उनके स्वस्थ रहने और दीर्घायु होने की शुभकामनायें दी हैं.

बिहारी बाबू शत्रुघ्न सिन्हा का विशेष संदेश



टीएमसी सांसद और अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा ने सोशल मीडिया पर लिखा– हमारे मित्र और समाज के मित्र माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएँ. उन्होंने अंग्रेज़ी में जोड़ा– (एक बार दोस्त बन जाए, तो सच्चे अर्थों में हमेशा दोस्त रहता है). यह पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है और राजनीतिक हलकों में कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या वे बिहार की राजनीति में फिर घरवापसी की तैयारी कर रहे हैं.

जीएसटी दरों में कटौती से उपभोक्ताओं को फायदा

02 लाख करोड़ रुपये की बचत | **22** से लागू होगी जीएसटी सुधार

नई दिल्ली, 17 सितम्बर. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि जीएसटी 2.0 सुधारों के तहत वस्तुओं और सेवाओं पर कर दरों में कटौती से उपभोक्ताओं को 2 लाख करोड़ रुपये की बचत होगी. यह कदम आम लोगों के हाथों में बचत या विवेकाधीन खर्च के लिए अधिक पैसा लाएगा.

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर आउटरीच और इंटरेक्शन कार्यक्रम में संबोधन के दौरान वित्त मंत्री ने बताया कि जीएसटी परिषद का यह निर्णय कर बोझ कम करने और अर्थव्यवस्था में तरलता बढ़ाने के उद्देश्य से लिया गया है. अब 99 प्रतिशत वस्तुएं 5 प्रतिशत जीएसटी स्लैब के अंतर्गत आ गई हैं, जो मध्यम वर्ग और गरीबों के लिए लाभकारी होगा.

निर्मला सीतारमण ने कहा कि 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो-स्लैब प्रणाली अपनाकर 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की पुरानी दरों को हटाया गया है, जिससे कर संरचना पारदर्शी और पालन में आसान हो गई है. ये सुधार कृषि वस्तुओं पर कर कम कर किसानों की आय बढ़ाने और एमएसएमई को बेहतर अवसर प्रदान करने में भी मददगार होंगे.

उल्लेखनीय है कि नए जीएसटी सुधार 22 सितंबर से लागू होंगे, जो आर्थिक विकास को गति देंगे और हर नागरिक को सशक्त बनाएंगे. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विश्वास जताया कि यह ऐतिहासिक कदम भारत की अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेगा.

राजस्व और रोजगार में वृद्धि

वित्त मंत्री ने बताया कि जीएसटी राजस्व 2018 के 7.19 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2025 में 22.08 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जबकि करदाताओं की संख्या 65 लाख से बढ़कर 1.51 करोड़ हो गई है. उन्होंने कहा कि ये सुधार क्रय शक्ति बढ़ाएंगे और पीएम मोदी के विकसित भारत के सपने को मजबूत करेंगे.

आज से बिहार के दौरे पर अमित शाह

संगठन से जुड़ी कई बैठकों में होंगे शामिल

पटना, 17 सितंबर (वार्ता) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आगामी विधानसभा चुनावों से पहले अपने दो दिवसीय बिहार दौरे के दौरान गुरुवार को संगठन से जुड़ी महत्वपूर्ण बैठकों में शामिल होंगे. वे निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रमुख घटक दलों के बीच चुनावी तैयारियों को तेज करने के लिए आज देर शाम विशेष विमान से पटना पहुंचेंगे. वह विभिन्न जिलों के पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ संगठन से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बैठकों में शामिल होंगे. इस संबंध में चुनावी रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए गृहमंत्री डेहरी-ऑन-सोन (रोहतास जिला) के स्वर्गीय ललन सिंह स्टेडियम में मगध और शाहाबाद क्षेत्र के 10 जिलों के भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं से मिलेंगे. दोपहर बाद बेगूसराय में पटना ग्रामीण, पटना महानगर, बाढ़ और नालंदा जिलों सहित अन्य 10 जिलों के नेताओं और पदाधिकारियों से बातचीत करेंगे.

ईवीएम में पहली बार उम्मीदवारों की होंगी रंगीन तस्वीरें

रांची. भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने ईवीएम मतपत्रों के डिजाइन और छपाई के लिए मौजूदा दिशा-निर्देशों (चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 49बी के तहत) को उनकी स्पष्टता और पठनीयता बढ़ाने के लिए संशोधित किया है. यह पहल पिछले 6 महीनों में चुनाव प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और बेहतर बनाने और मतदाताओं के लिए सुविधा बढ़ाने के लिए ईसीआई द्वारा पहले से ही की गई 28 पहलों के अनुरूप है.

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, इंदौर संभाग क्रमांक 02, इंदौर जी-13, प्रथम 'तल' एम.आई.जी. कॉलोनी, एम.आई.जी. थाने के पीछे, इंदौर (म.प्र.), मो. नं. : 9425601512
E-mail-Id : mpphidclindore2@gmail.com

निविदा आमंत्रण सूचना - 29/2025-26

म.प्र.पु.आ. एवं अधो.वि.नि., इंदौर संभाग क्र.-02, इंदौर द्वारा क्रमशः शासकीय उ.मा.वि. नागदा के पुराने एक कंडम स्कूल भवन तथा शासकीय उ.मा.वि. नागदा के पुराने कंडम भवनों के अंतर्गत लायब्रेरी कक्ष, कम्प्यूटर क्लॉस रूम एवं टॉयलेट का यथास्थिति ध्वस्तीकरण कार्य एवं ध्वस्तीकरण उपरांत प्राप्त उपयोगी/अनुपयोगी सामग्री तथा मलवा हटाने का कार्य सहित की Lump-Sum निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र **दिनांक 25.09.2025 तक** खरीदे जा सकते हैं, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/122127/2025 **परियोजना यंत्री**

कुदरत का कहर, लेकिन हौसला बुलंद

पंजाब सरकार ने शुरू किया 'मिशन चढ़दीकला'

केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि पंजाब फिर से खड़ा होगा

नई दिल्ली, 17 सितम्बर. पंजाब पर हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा ने बड़ी तबाही मचाई है. हज़ारों खेतों पर रेत की मोटी परत जम गई है, स्कूलों और घरों में कीचड़ भर गया है और लाखों लोग प्रभावित हुए हैं.

हालांकि, यह पंजाब है जहाँ लोग मुश्किलों से टूटते नहीं बल्कि और मज़बूत होकर खड़े होते हैं. दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि पंजाब फिर से खड़ा होगा, पहले से भी मज़बूत होकर. पंजाब सरकार ने 'मिशन चढ़दीकला' शुरू किया है. यही पंजाब की पहचान है कि चाहे कितनी भी बड़ी मुसीबत आ जाए, पंजाबी अपने हौसले और चढ़दीकला के दम पर न सिर्फ़ खुद को खड़ा करते हैं बल्कि दूसरों को भी हाथ पकड़कर बाहर

> उन्होंने लोगों से अपील की कि सब मिलकर इस मिशन में शामिल हों, टूटे सपनों को जोड़ें और पंजाब को फिर से रंगला पंजाब बनाएं. साथ ही उन्होंने देशवासियों से दिल खोलकर पंजाब की मदद करने की भी अपील की.

पीयूष गोयल आज से यूएई दौरे पर

निवेश व व्यापार सहयोग पर होंगी अहम बैठकें

नयी दिल्ली, 17 सितंबर. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल गुरुवार से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दो दिवसीय दौरे पर होंगे. इस दौरान वे निवेश पर 13वीं भारत-यूएई उच्च स्तरीय संयुक्त निवेश कार्य बल की बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे.

वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार गोयल अबू धाबी निवेश प्राधिकरण (एडीआईए) के प्रबंध निदेशक महामहिम शेख हमीद बिन जायद अल नाहयान के साथ बैठक करेंगे.

कुख्यात पशु तस्कर रहीम का एनकाउंटर

गोरखपुर. नीट की तैयारी कर रहे छात्र दीपक गुप्ता की हत्या मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. इस मर्डर केस से जुड़े कुख्यात पशु तस्कर रहीम को पुलिस ने मुठभेड़ में पकड़ लिया है. पुलिस की जवाबी फायरिंग में रहीम के पैर में गोली लगी है, उसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इस केस में दीपक और उसके 3 अन्य साथियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस के मुताबिक, रहीम नेपाल भागने की फिराक में था.

Hon. Balasaheb Thackeray Agribusiness and Rural Transformation (SMART) Project (www.smart-mh.org)

E-TENDER NOTICE NO. - 2025_DOAWB_1188302_2

Construction of Godown 1000 Mt and Processing Unit 344.77 Sqm

The Government of Maharashtra is implementing the World Bank-funded SMART Project. **TAPIMAI FARMER PRODUCER CO. LTD. POST DAUL TAL. SHINDKHEDA DIST. DHULE** is one of the beneficiaries under the project and inviting online bids on **https://mahatenders.gov.in** for above mentioned works. The estimated cost of work is **Rs. 162.94 lakhs (Including GST).** The last date for submission of online bid is **17/10/2025 up to 12:30 PM.** Any updates or notices shall be published on aforementioned websites only.

District Implementation Unit, SMART Project Dist Dhule

मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर

गढ़चिरौली/बीजापुर, 17 सितम्बर. महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में नक्सली हिंसा की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं. मंगलवार को गढ़चिरौली के घने जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच घंटों चली मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर हो गईं. वहीं बीजापुर जिले के जांगला थाना क्षेत्र में माओवादियों ने मुखबिरी के शक में एक ग्रामीण की निर्मम हत्या कर दी. इन दोनों घटनाओं ने एक बार फिर नक्सली गतिविधियों की गंभीरता और उनकी बर्बरता को उजागर कर दिया है. गढ़चिरौली पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गट्टा एलओएस से जुड़े नक्सली एटापल्ली ताल्लुका के मोडास्के गांव के पास जंगल में डेरा जमाए हुए हैं. जानकारी मिलते ही अहेरी पुलिस ने तत्काल सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया. इस ऑपरेशन के लिए सी-60 कमांडो की पांच यूनिट्स को तैनात किया गया. जंगल में घुसते ही पुलिस को नक्सलियों की मौजूदगी का आभास हुआ और अचानक दोनों ओर से फायरिंग शुरू हो गई. मुठभेड़ कई घंटों तक चली. पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो महिला नक्सली मारी गईं.

जाहिर सूचना

मैं MD. AREEB KHAN S/O MD. YUSUF KHAN निवासी -702, आज़ाद नगर, इंदौर(म.प्र.) इस जाहिर सूचना के माध्यम से सार्वजनिक रूप से सभी को यह अवगत करवाना चाहता हूँ, कि मेरा पुराना नाम MOHAMMED AREEB KHAN S/O YUSUF KHAN मेरे द्वारा लिखा जाता था। परन्तु मेरे सभी आवश्यक दस्तावेजो पर मेरा नाम MD. AREEB KHAN S/O MD. YUSUF KHAN लिखा हुवा है। जो सही है। इसलिए मुझे इस उपरोक्त सही लिखे नाम से ही जाना जाये।

प्रेषक
(MD. AREEB KHAN S/O MD. YUSUF KHAN)
निवासी 702 - आज़ाद नगर, इंदौर (म.प्र)
मो. नंबर 78797 66916

कार्यालय नगर पालिक निगम, रतलाम (म.प्र.)

क्रमांक/939/लो.नि.वि. रतलाम, दि. 16/09/2025

:: ई निविदा आमंत्रण ::

नगर पालिक निगम रतलाम द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी ऑनलाईन वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है:-

क्र.	ऑनलाईन निविदा क्र.	कार्य का विवरण	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1.	452208	वार्ड क्र. 43 हनुमान रूण्डी, अवतार नमकीन से नंदकिशोर राठौर की दुकान तक डामरीकरण कार्य एस्टीमेट अनुसार। (प्रथम आमंत्रण)	3 माह 2. 1306400/-	1. 2000/- 2. 26130/-	14.10.2025 15.30

नोटः- निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइड पर ही किया जाएगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, रतलाम

आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

Aadhar Housing Finance Ltd

कार्पोरेट कार्यालय : युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड़, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई - 400069.
देवास शाखा: प्लॉट नं. 01, विमला टावर, दूसरी मंजिल, राम नगर, ए.बी. रोड, देवास - 455001 (मध्य प्रदेश)

आधिपत्य सूचना परिशिष्ट 4 (अचल संपत्ति हेतू)

जबकी, **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL)** के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर सिक्युरीटाइजेशन एंड रिकंस्टक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड इंफोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटस्ट एक्ट 2002 एवं सिक्युरिटी इंटस्ट (इंफोर्समेन्ट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को उपयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त सूचना प्राप्ति के 60 दिवस में नीचे सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने के लिए ऋणकर्ताओ/ प्रतिभूतिकर्ताओं को मांग सूचना (ए) जारी की थी। ऋणकर्ताराशि का पूर्नभुगतान करने में असफल रहे है, सिक्युरिटी इंफोर्समेन्ट नियम 2002 के नियम 8 के साथ सपठित उपरोक्त कानून की धारा 13 के सब-सेक्शन (4) के अंतर्गत के साथ प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ऋणकर्ता(ओ)/ प्रतिभूतिकर्ता(ओ) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में सूचित किया जाता है वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिगृहण कर लिया है। धरोहर संपत्ति के एवज में संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 का सब सेक्शन (8) के प्रावधानों पर ऋणकर्ताएं ध्यान देवे। ऋणकर्ता को विशेष रूप में एवं सामान्य जनो को सार्वजनिक रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार न करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नीचे वर्णित राशि के साथ शेष देय ब्याज के लिए AHFL के शुल्क के विषयानुसार होगी।

क्र.	ऋणकर्ता(ओ)/प्रतिभूतिकर्ता(ओ) (शाखा का नाम)	धरोहर संपत्ति विवरण (अचल संपत्ति)	मांग सूचना का दिनांक एवं राशि	आधिपत्य का दिनांक
1	(लोन कोड नं. 02100000840 / देवास शाखा) राकेश कुमार नायक (ऋणी), सविता नायक (सह-ऋणी), देवेन्द्र सोनी (जमानतदार)	संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, मकान नंबर 323 2, वार्ड नंबर 13, गोपाल कचौरी कॉर्नर के पास, देवास - 455332 (मध्य प्रदेश) **चर्तुसीमाएँः**- पूर्व - बद्री प्रसाद वर्मा का मकान, पश्चिम - शोभाराम नागर का मकान, उत्तर - ग्राहक का मकान, दक्षिण - सरदार पटेल मार्ग	09-05-2023 एवं ₹ 6,44,393/-	16-09-2025

स्थान : मध्य प्रदेश
दिनांक : 18-09-2025

प्राधिकृत अधिकारी
आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड

PhoenixARC

पंजीकृत कार्यालयः तीसरी मंजिल, वालेस टावर 139-140/बी/1, सहार रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे क्रॉसिंग, विले पार्ले (पूर्व) मुंबई - 400 057. **दूरभाषः** 022- 6849 2450, फैक्सः 022- 6741 2313
सीआईएनः U67190MH2007PTC168303 **ईमेलः** info@phoenixarc.co.in, **वेबसाइटः** www.phoenixarc.co.in

ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के साथ। इसके द्वारा आम जनता और विशेष रूप से उधारकताओं/गारंटरों/बंधककताओं को सूचित किया जाता है कि मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (जिसे पहले एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड - समनुदेशक के रूप में जाना जाता था) द्वारा ऋण के समनुदेशन के अनुसरण में फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड को गिरवी रखी गई निम्नलिखित संपत्ति, बकाया राशि और आगे के ब्याज, शुल्क और लागत आदि की वसूली के लिए "जैसी है जहाँ है, जैसी है और बिना किसी सहारे के" के आधार पर "ऑनलाइन ई-नीलामी" के माध्यम से बेची जाएगी, जैसा कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 8 और 9 के साथ सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार नीचे विस्तार से बताया गया है। 2002) को वेबसाइटः www.phoenixarc.co.in/ के माध्यम से नीचे दिए गए विवरण के अनुसार खरीदा जा सकता है।

ई-नीलामी की तिथि और समयः 27-08-2025 / सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)

सं. क्र.	उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/ ऋण खाता	मांग सूचना की तिथि और राशि	अचल संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य, अग्रिम राशि और अग्रिम राशि जमा करने की अंतिम तिथि
1	लैनः LXDEW00216-170030251 शाखाः देवास, उधारकर्ताः पंकज कमल श्रीवास्तव, सह-उधारकर्ताः जय कमल श्रीवास्तव गारंटर :ओमप्रकाश मणिशंकर श्रीवास्तव	**04-05-2019 रु. 9,92,605/- (रु. नौ लाख बानवे हजार छह सौ पाँच मात्र)**	पी/एच/नंबर/19 वार्ड नंबर/06 गोपाल नगर इटावा देवास 455001 देवास देवास मध्य प्रदेश	आरक्षित मूल्यः रु. 8,00,000/- (आठ लाख) अग्रिम जमाः रु. 80,000/- (अस्सी हजार) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 13.10.2025
2	लैनः LXIND00415-160007875 शाखाः इंदौर उधारकर्ताः भूपेन्द्र राधा किशन मेहता सह-उधारकर्ताः रितुबाई भूपेन्द्रकुमार मेहता	**25-05-2021 रु. 12,43,104/- (रु. बारह लाख तिरतालीस हजार एक सौ चार मात्र)**	प्लॉट नंबर - 11 के पूर्वी भाग में घर, बालाजी रेजीडेंसी, भोपाल इंदौर रोड, सोनकच्छ, दिवस, मध्य प्रदेश - 455001	आरक्षित मूल्यः रु. 9,00,000/- (नौ लाख) अग्रिम जमाः रु. 90,000/- (नब्बे हजार) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 13.10.2025
3	लैनः LXIND00814-150003433 शाखाः इंदौर उधारकर्ताः राधु तेजू पंचोर सह-उधारकर्ताः जया नत्थू पंचोर	**13-12-2017 8,43,199/- (रु. आठ लाख तिरतालीस हजार एक सौ निन्यानवे मात्र)**	मकान नंबर बी-75 ईडब्ल्यूएस वर्ल्डबैंक प्रोजेक्ट जुसवाड़ी रोड खंडवाजस वाड़ी रोड खंडवा 450551 खरगोन खरगोन म.प्र. भारत	आरक्षित मूल्यः रु. 5,67,178/- (पाँच लाख सड़सठ हजार एक सौ अठ्ठहत्तर मात्र) अग्रिम जमाः रु. 56,718/- (छप्पन हजार सात सौ अठारह) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 13.10.2025
4	लैनः LXKHA00116-170037871 शाखाः खरगोन उधारकर्ताः हितेश कुमार खुश्याल निरगुडे सह-उधारकर्ताः किरण बाई हितेश निगुर्डे	**21-01-2022 रु. 7,88,757/- (रु. सात लाख अठ्ठासी हजार सात सौ सत्तावन मात्र)**	Ph नंबर 27, ख. नंबर 454/2, ग्राम निमरानी, जिला- खरगोन, बेदीपुरा, बड़वानी, मध्य प्रदेश-451660	आरक्षित मूल्यः रु.3,50,000/- (तीन लाख पचास हजार मात्र) अग्रिम जमाः रु.35,000/- (पैंतीस हजार मात्र) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 13.10.2025
5	लैनः LXUJJ00116-170044335 शाखाःउज्जैन उधारकर्ताः लाखनसिंह नारायण सिंह मालवीय, सह-उधारकर्ताः अनीताबाई लाखन सिंह मालवीय	**19-12-2019 रु. 13,57,667/- (रु. तेरह लाख सत्तावन हजार छह सौ सड़सठ मात्र)**	प्लॉट नंबर 19, वार्ड नंबर - 03, सर्वे नंबर 943/1/मिनट1, 944/ मिनट2, पटवारी हल्का नंबर-21, अकोदिया मंडी, ओम मंगलम कॉलोनी के पास, शुजालपुर, शाजापुर, मध्य प्रदेश 465223	आरक्षित मूल्यः रु.10,00,000/- (दस लाख) अग्रिम जमाः रु.1,00,000/- (एक लाख) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 13.10.2025
6	लैनः LXUJJ00216-170047132 शाखाःउज्जैन, उधारकर्ताः सुरेश बलेचा पुत्र श्री कैलाशचंद्र बालेचा, सह-उधारकर्ताः सुगनाबाई बालेचा पत्नी, श्री कैलाशचन्द्र बालेचा	**18-01-2024 रुपये 8,34,851/- (रु. आठ लाख चौंतीस हजार आठ सौ इक्यावन मात्र)**	मकान मुन.नं.31.भाग, संजय नगर कॉलोनी, शांति नगर कॉलोनी के पास, उज्जैन, मध्य प्रदेश 456001	आरक्षित मूल्यः रु. 7,20,000/- (सात लाख बीस हजार मात्र) अग्रिम जमाः रु. 72,000/- (बहत्तर हजार मात्र) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 13.10.2025
7	लैनः LXUJJ00316-170034274 शाखाःउज्जैन उधारकर्ताः चेतन कुमार प्रकाश चंद्र पाटीदार सह-उधारकर्ताः रामकन्या चेतनकुमार पाटीदार	**23-12-2020 रु. 11,98,504/- (रु. ग्यारह लाख अन्ठानवे हजार पाँच सौ चार मात्र)**	क्र.सं. पर प्लॉट 219/1 ग्राम फूलखेड़ी तह एवं जिला शाजापुर 465001 शाजापुर मध्य प्रदेश	आरक्षित मूल्यः रु.1,60,000/- (एक लाख साठ हजार मात्र) अग्रिम जमाः रु.16,000/- (सोलह हजार मात्र) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 13.10.2025

ई-नीलामी के नियम और शर्तेंः 1. नीलामी बोली दस्तावेज के आगे के नियमों और शर्तों और उसमें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आयोजित की जाती है। बोलीदाता बोली संबंधी जानकारी और सहायता, ई-नीलामी के लिए रखी गई सुरक्षित संपत्ति का विवरण और ऑनलाइन जमा किए जाने वाले बोली फॉर्म के लिए हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता, मेसर्स मेसर्स आर्का ईमार्ट प्राइवेट लिमिटेड वेब पोर्टलः https://www.auctionbazaar.com/ पर जा सकते हैं। इच्छुक खरीदार उसी पोर्टल पर नीलामी के नियम और शर्तें और प्रक्रिया देख सकते हैं और तरुण रघुवंशी 9329414448 और विजय सिंह 9372505110, शैलेश अयंगर 9833801159 से संपर्क कर सकते हैं, विवरण उपर्युक्त वेब पोर्टल पर उपलब्ध हैं और उनके केंद्रीकृत हेल्प डेस्कः +91 83709 69696, ई-मेल आईडीः contact@auctionbazaar.com पर संपर्क कर सकते हैं। 2. सभी इच्छुक क्रेताओं/बोलीदाताओं को उपरोक्त पोर्टल https://www.auctionbazaar.com/ पर अपना नाम पंजीकृत कराना होगा और उपरोक्त तिथि और समय पर ई-नीलामी में भाग लेने के लिए निःशुल्क यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा। 3. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इच्छुक क्रेताओं/बोलीदाताओं को सुरक्षित संपत्ति के आरक्षित मूल्य के 10% की वापसी योग्य बयाना राशि के भुगतान का विवरण, पैनकार्ड की प्रतियों, कंपनी के मामले में बोर्ड के प्रस्तावों और पते के प्रमाण के साथ उपरोक्त ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि तक या उससे पहले जमा करना होगा। इच्छुक क्रेताओं/बोलीदाताओं को ऊपर वर्णित प्रत्येक वस्तु/संपत्ति के लिए अलग-अलग ईएमडी जमा करनी होगी। 4. नीलामी के किसी भी चरण में, प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए और बिना किसी पूर्व सूचना के बोली/प्रस्ताव को स्वीकार/अस्वीकार/संशोधित/रद्द कर सकता है या नीलामी स्थगित कर सकता है। 5. सफल क्रेता/बोलीदाता को लागू कानून के अनुसार सुरक्षित संपत्ति को अपने पक्ष में हस्तांतरित/सुपुर्द करवाने के लिए देय सभी वैधानिक बकाया, कर, देय शुल्क, क्रय मूल्य पर लागू जीएसटी, स्टांप शुल्क, पंजीकरण शुल्क आदि का भुगतान करना होगा। 6. इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले, भार, नीलामी में रखी गई सुरक्षित संपत्ति के स्वामित्व और सुरक्षित संपत्तियों को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकायों, जिनमें वैधानिक बकाया आदि शामिल हैं, के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। नीलामी विज्ञापन फीनिक्स की किसी भी प्रतिबद्धता या प्रतिनिधित्व का गठन नहीं करता है और न ही करेगा। फीनिक्स का अधिकृत अधिकारी किसी भी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/बकायों के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। 7. संभावित/इच्छुक बोलीदाता को यह वचन देना होगा कि वह दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता, 2016 की धारा 29 (ए) के प्रावधानों के अनुसार अयोग्य नहीं है और केवाईसी दस्तावेजों के साथ ऐसा वचन देने में विफल रहने पर उसे स्वतः ही अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा या उसकी बोली अस्वीकार कर दी जाएगी।

स्थानः मध्य प्रदेश
दिनांकः 18.09.2025

अनुवाद में त्रुटिया विसंगति होने पर अंग्रजी संस्करण मान्य होगा

एसडी/-
प्राधिकृत अधिकारी, फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड